प्यारे राधा वल्लभ लाल तिहारी चरनन की बलिहारी

प्यारे राधा वल्लभ लाल तिहारी चरनन की बलिहारी,
तेरा सूंदर रूप सलोना अखियन में जादू टोना,
कई नजर नहीं लग जाए तिहारी चरनन की बलिहारी,
प्यारे राधा वल्लभ लाल तिहारी चरनन की बलिहारी,

अधरों पे मुस्कान भरी नैनो में मस्ती छाई,
प्यारे सुंदरता के सागर हो तुम चाँद तेरी परछाई,
तू है खुशियों भरा खजाना ये दिल हो जाए तेरा दीवाना,
तुझे देखे जो इक बार तिहारी चरनन की बलिहारी,
प्यारे राधा वल्लभ लाल तिहारी चरनन की बलिहारी,

अध्भुत दीविये श्रृंगार तेरा नव यौवन श्याम कलेवर,
श्री राधा यु संग नित पधारो मन मंदिर के अंदर,
है ये अभिलाषा मन में वस् जाओ इन नैनं में,
करदो इतना उपकार तिहारी चरनन की बलिहारी,
प्यारे राधा वल्लभ लाल तिहारी चरनन की बलिहारी,

तुम संग मेरे नैन लड़े कोई और न मन को भाये,
प्यारे मेरे मन की वीणा प्यारे गीत तेरे ही गाये,
फिर क्यों शरमाउ मैं जग से कहु भुजा उठा के जग से,
तुम सुन लो मेरी पुकार तिहारी चरनन की बलिहारी,
प्यारे राधा वल्लभ लाल तिहारी चरनन की बलिहारी,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/12585/title/pyaare-radha-vallabh-lal-tihari-charanan-ki-balihari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |